No. of Printed Pages : 8 **EEC–011**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME (BDP)

## Term-End Examination

## June, 2026

**(Elective Course : Economics)**

**EEC-011 : FUNDAMENTALS OF ECONOMICS**

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Attempt questions from all Sections as instructions..*

---

### Section—A

***Note*** : *Answer any* ***two*** *questions from this Section.* 2×20=40

1. State the features of cardinal approach to consumer behavior. Explain how does consumer attain equilibrium through this approach. 8+12

2. What is the distinction between arc elasticity and point elasticity ? Explain the outlay method to measure the price elasticity of demand. How is elasticity of demand useful for government policy maker ? 5+5+10

3. What is National Income ? Explain how production flow, income flow and expenditure flow in an economy are related to each other. 5+15

4. State the difference between real and nominal rate of interest. Explain with the help of loanable fund theory how the rate of interest is determined. 5+15

## Section—B

***Note*** : *Attempt any **three** questions from this Section.* 3×12=36

5. Distinguish between perfect competition and imperfect competition. How does a firm attain equilibrium in the long run period under perfect competition ? 4+8

6. What is multiplication ? How does marginal propensity to consume affect the magnitude of multiplier ? 6+6

7. What is production function ? State the various forms of production function. 4+8

8. What are externalities ? Explain Coase method to deal with externalities. 4+8

9. Explain with diagram the relationship between average cost and marginal cost. 12

## Section—C

***Note*** : Attempt *all* the questions from this section : 2×12=24

10. Distinguish between any *three* of the following : 4×3=12

    (i) Fixed cost and variable cost

    (ii) GDP at factor cost and GDP at market prices

    (iii) General equilibrium and partial equilibrium

    (iv) Demand and Want

11. Write short notes on any *three* of the following : 4×3=12

(i) Terms of trade

(ii) Demand function

(iii) Economic welfare

(iv) Imputed rent

(v) Private income

# EEC–11

## स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## (बी. डी. पी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## (ऐच्छिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र)

## ई.ई.सी.–011 : अर्थशास्त्र के मूल सिद्धान्त

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *सभी भागों से यथा निर्देश प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

### भाग—क

***नोट :*** *इस भाग के किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।* 2×20=40

1. उपभोक्ता के व्यवहार के प्रति परिमाणवाची दृष्टिकोण की विशेषताएँ बताइए। समझाइए कि इस विधि से उपभोक्ता किस प्रकार सन्तुलन प्राप्त करता है। 8+12

2. चाप लोच तथा बिन्दु लोच में क्या भेद है ? माँग की लोच के मापन की कुल व्यय विधि को समझाइए। एक राजकीय नीति निर्धारक के लिए माँग की लोच किस प्रकार उपयोगी है ? 5+15

3. राष्ट्रीय आय क्या है ? व्याख्या कीजिए कि किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादन, आय तथा व्यय के प्रवाह किस प्रकार परस्पर सम्बन्धित हैं ? 5+15

4. वास्तविक और नामिक ब्याज दरों में अन्तर बताइए। ऋण योग्य कोष सिद्धान्त की सहायता से व्याख्या कीजिए कि ब्याज दर का निर्धारण किस प्रकार होता है। 5+15

## भाग—ख

***नोट :*** *इस भाग से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।* 3×12=36

5. पूर्ण प्रतियोगिता तथा अपूर्ण प्रतियोगिता में भेद स्पष्ट कीजिए। एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म दीर्घकालिक सन्तुलन किस प्रकार प्राप्त करती है ? 4+8

6. गुणक क्या है ? सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति गुणक के मान को किस प्रकार प्रभावित करती है ? 6+6

7. उत्पाद फलन क्या है ? उत्पाद फलन के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन कीजिए। 4+8

8. बाह्यताएँ क्या हैं ? बाह्यताओं की समस्या को सुलझाने के लिए कोएस विधि की व्याख्या कीजिए। 4+8

9. रेखाचित्र द्वारा औसत लागत एवं सीमान्त लागत में सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए। 12

## भाग—ग

***नोट :*** *इस भाग से सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** युग्मों में भेद स्पष्ट कीजिए : 4×3=12

(i) स्थिर लागत एवं चल लागत

(ii) साधन लागत पर GDP तथा बाजार कीमतों पर GDP

(iii) व्यापक सन्तुलन एवं आंशिक सन्तुलन

(iv) माँग एवं इच्छाएँ

11. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर लघु टिप्पणियाँ लिखिए :

4×3=12

(i) व्यापार की शर्तें

(ii) माँग फलन

(iii) आर्थिक क्षेत्र

(iv) आंकलित लगान

(v) निजी आय

× × × × ×